प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

प्रौद्योगिकी एल्मूमिनाई संघ द्वारा पूर्व विद्यार्थियों का वर्षिक सम्मेलन

पंतनगर। 21 सितम्बर 2021। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी एल्यूमिनाई संघ (पी.टी.ए.ए.), द्वारा दिनांक 17–18 सितम्बर 2021 को 1991 बैच के पूर्व विद्यार्थियों का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें देश–विदेश के विभिन्न स्थानों से पूर्व छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप एवं प्रौद्य ोगिकी महाविद्यालय की अधिष्ठात्री, डा. अलकनंदा अशोक ने दीप प्रज्वलित करके किया। कुलपति ने पूर्व छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। डा. अलकनंदा अशोक ने महाविद्यालय में हुए विभिन्न परिवर्तनों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि कोविड–19 के दौरान विद्यार्थियों के सफल आनलाइन क्लास एवं परीक्षा का आयोजन महाविद्यालय द्वारा किया गया। उन्होंने पूर्व विद्यार्थियों से अपील की कि कोविड–19 महामारी में जिन विद्यार्थियों ने अपने पालक को खो दिये वे ऐसे सभी विद्यार्थियों की आर्थिक सहायता के लिए आगे आए। प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, डा. अखिलेश कुमार ने महाविद्यालय के सभी संकाय में नये शिक्षावृत्ति कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचानल महासचिव, डा. अजीत कुमार ने किया।

1. कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

2. कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थियों के साथ कुलपति, डा. तेज प्रताप एवं अन्य अतिथिगण।